# 8 कौन किस से भारी?

0326CH08

## गुड़ और मूँगफली

शबनम को गुड़ और मूँगफली खाना अच्छा लगता है।


एक दिन उसने 1 किलो गुड़ और 1 किलो मूँगफली खरीदी।

(तुम जानते हो कि किलोग्राम को किलो भी लिखते हैं।)




© NCERT
not to be republished

❋ क्या मूँगफली सचमुच वज़न में गुड़ से अधिक है या सिर्फ़ ज़्यादा दिख रही है?




(1) 1 किलो मक्के का पोपकॉर्न या 1 किलो चीनी?

(2) 1 किलो मटर या 1 किलो आलू?

बाज़ार जाओ और देखो कि तुम्हारा अंदाज़ा कितना सही था।




2019-2020


## कद्दू और टमाटर का पंगा

यह खेल का एक मैदान है जहाँ टमाटर रोज़ खेलने आते हैं। वे सी–सॉ झूले पर खेलना पसन्द करते हैं। एक दिन जब वे खेल रहे थे एक बड़ा सा कद्दू आया और झूले के एक किनारे पर बैठ गया। जब वह बहुत देर तक नहीं उठा तब टमाटरों ने तय किया कि वे दूसरे सिरे पर चढ़ कर कद्दू को ऊपर उठाएँगे ताकि वह गिर जाए।

छोटे टमाटरों ने झूले के दूसरी तरफ़ चढ़ना शुरू किया....... 1, 2, 3, 4, 5 ....... 25 ओफ्फ़! कद्दू अभी भी दूसरी तरफ़ बैठा हँस रहा था। अब बड़े टमाटरो ने मदद करने की ठानी। छोटे वाले नीचे उतर गए और बड़े टमाटरों के लिए रास्ता बनाया। 1, 2, 3, ....... 20 ........




वो मारा! कद्दू हवा में उठ गया। वह चिल्लाया – मुझे नीचे उतारो, मुझे नीचे उतारो!





© NCERT not to be republished

बोलचाल की भाषा में पंगा शब्द किसी झगड़े या मुसीबत के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इस शब्द को जान–बूझकर इसलिए रखा गया है क्योंकि कुछ ऐसे शब्दों को बोलने में बच्चों को मज़ा आता है।




* तुम्हारे हिसाब से कितने छोटे टमाटर मिलकर कद्दू को ऊपर उठा पाएँगे?
  - दस
  - बीस
  - चालीस

* कितने बड़े आम मिलकर कद्दू की बराबरी कर सकते हैं?








* कितने कद्दू मिलकर सी-सॉ झूले पर तुम्हारी बराबरी कर सकते हैं?



* अपनी कक्षा में पढ़ने वाले कुछ दोस्तों के नाम बताओ जिनका वज़न तुम्हारे अंदाज़ा से

  (क) लगभग तुम्हारे बराबर है

  ______________________________

  (ख) तुमसे ज़्यादा है

  ______________________________

  (ग) तुमसे कम है


  ______________________________

* अपने हाथ को सीधा रखते हुए एक हाथ से तुम कितनी किताबें उठा सकते हो?

© NCERT not to be republished

## उसके वज़न से दुगना

कुंजम्मा के माता-पिता स्वतंत्रता दिवस को एक अलग तरीके से मनाते हैं क्योंकि कुंजम्मा का जन्म इसी दिन हुआ था। वे कुंजम्मा के वज़न की दुगुनी मिठाई खरीदते हैं और उसे गरीब लोगों में बाँट देते हैं। जब कुंजम्मा का जन्म हुआ वह 3 किलो




की थी। आज स्वतंत्रता दिवस है और कुंजम्मा 5 साल की हो गई है। वह अब 28 किलो की हो गई है।

* अब अंदाज़ा लगा कर यह पता लगाओ कि किस साल में कुंजम्मा का वज़न कितना था और तब कितनी मिठाई बाँटी गई।

| *कुंजम्मा की उम्र* | *कुंजम्मा का वज़न* | *मिठाई की मात्रा* |
|---|---|---|
| जन्म के समय | 3 किलो | 3 + 3 = 6 किलो |
| 1 वर्ष की उम्र में | 9 किलो | ________ |
| 2 वर्ष की उम्र में | ________ | 13 + 13 = 26 किलो |
| 3 वर्ष की उम्र में | 17 किलो | ________ |
| 4 वर्ष की उम्र में | ________ | ________ |
| 5 वर्ष की उम्र में | 28 किलो | ________ |


तुम अपने बड़ों से पूछ सकते हो कि 2 साल या 4 साल के बच्चे का वज़न कितना होता होगा।




© NCERT not to be republished

## शुगोतो ने खिचड़ी पकाई

शुगोतो ने रेडियो पर एक नए तरह के पकवान के बारे में सुना। उसने उसे बनाने की कोशिश की। जब उसने इस चीज़ के बनाने का तरीका लिखना चाहा, तब वह चक्कर में पड़ गया।



उसने जो कुछ लिखा वह कुछ ऐसा था

(1) कुकर में **2 चम्मच** पानी डालो

(2) पानी खौलने पर उसमें डालो

- **चुटकी भर** दाल
- **आधा किलो** लाल मिर्च पाउडर
- **1 कटोरी** नमक

(3) अब **एक चम्मच** चावल डालो

(4) **2** मटर और **8 गिलास** सरसों के दाने डालो


(5) अंत में **1 किलो** प्याज़ डालो

सभी को मिलाओ और 15 मिनट तक उबालो।

लेकिन शुगोतो को लगा कि चीज़ों की मात्रा को लेकर बड़ी भारी गलती हुई है !!!

✻ उसकी मदद करो ताकि खिचड़ी बनाने के लिए वह चीज़ों की सही मात्रा मिला सके

| | |
|---|---|
| **1 किलो** | चावल |
| **आधा किलो** | दाल |
| ________ | मटर |
| ________ | पानी |
| ________ | प्याज़ |
| ________ | नमक |
| ________ | सरसों के दाने |
| ________ | लाल मिर्च पाउडर |



© NCERT not to be republished

## चलो कुछ करते हैं

क) उन चीज़ों की सूची बनाओ जो तुम्हारे घर खरीदी जाती हैं। पता करो हर एक चीज़ की कितनी मात्रा एक बार में खरीदी जाती है। ये चीज़ें चावल, तेल, मिर्च पाउडर, चीनी, दूध, प्याज़, अदरक आदि हो सकती हैं।

| *चीज़ों के नाम* | *कितनी मात्रा लाई गई* |
| --- | --- |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |


© NCERT
not to be republished


ख) इनके वज़न का अंदाज़ा लगाओ
और मिलान करो





| | |
|---|---|
| 10 किलो | 400 किलो |
| 1 किलो से कम | |
| 1000 किलो से ज़्यादा | |
| 80 किलो | 2 किलो |










ग) अंदाज़ा लगाओ कि नीचे लिखी चीज़ों में किसका वज़न 1 किलोग्राम से ज़्यादा है? किसका वज़न 1 किलोग्राम से कम है?



1. तुम्हारे स्कूल का बस्ता



2. एक ज्योमेट्री बॉक्स




3. एक ईंट



4. एक बड़ा कद्दू





5. तुम्हारी चप्पलें

अपनी कक्षा में एक तराजू और 1 किलो का एक बाट लेकर आओ। तोल कर पता लगाओ कि तुम्हारा अंदाज़ा कितना सही है।

© NCERT
not to be republished


घ) तराजू का इस्तेमाल करके बताओ कि इनमें से कौन ज़्यादा भारी है

1. एक बोतल या एक क्रिकेट की गेंद

2. तुम्हारा जूता या तुम्हारा पेंसिल-बॉक्स

3. तुम्हारी हिंदी की किताब या गणित की किताब

4. तुम्हारा बस्ता या तुम्हारे दोस्त का बस्ता



च) 1 किलो मिट्टी या रेत को तोलो। इसे दो थैलियों में बराबर-बराबर बाँटो। तराजू से तोल कर देखो कि क्या दोनों बराबर हैं।



© NCERT not to be republished

ये थैलियाँ बन गई तुम्हारे आधे-आधे किलो के बाट। इसका इस्तेमाल करके अपने आस-पास की चीज़ों को तोलो।

* सूची बनाओ

1. उन चीज़ों की, जिनका वज़न 1/2 किलो से कम है।
2. उन चीज़ों की, जिनका वज़न 1/2 किलो से ज़्यादा है।


अलग-अलग गतिविधियों से बच्चों को उन चीज़ों के वज़न का अंदाज़ा लगाने में मदद मिलेगी जिन्हें कि वे अपने घर या किराने की दुकान पर देखते हैं। जानवरों के वज़न का अनुमान लगाना एक मज़ेदार गतिविधि हो सकती है जिससे कि उन्हें ज़्यादा भारी चीज़ों का भी एहसास होगा। शिक्षक कक्षा में एक तराजू ज़रूर लेकर आएँ और सभी बच्चों को स्वयं तोलकर देखने का अवसर दें।


## बाट और तराज़ू को देखो


नज़दीक की कबाड़ी की दुकान, सब्ज़ी की दुकान और किराने की दुकान पर जाओ। ध्यान से देखो कि वे किस प्रकार के बाट का इस्तेमाल करते हैं। पता लगाओ –

1. कौन सबसे बड़े बाट का इस्तेमाल करता है?
2. कौन सबसे छोटे बाट का इस्तेमाल करता है?

क्या तुमने कभी ऐसे तराज़ू देखे हैं?









© NCERT not to be republished

तुम्हें किस दुकान में नीचे दिखाए गए बाट मिलेंगे? दोस्तों से बातचीत करो।

